आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक 17.09.2019

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना में स्वच्छता ही सेवा 2019 का शुभारंभ दिनांक 16.09.2019 को आयोजित प्रभात फेरी से किया गया इसी क्रम में आगे बढ़ते हुए दिनांक 17.09.2019 विश्वकर्मा पूजा के दिन महाप्रबंधक, आरेडिका उच्च अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आवासीय परिसर तथा कारखाने में बड़े पैमाने पर श्रमदान किया गया।

महाप्रबंधक ने श्रमदान की शुरुआत शॉपिंग कॉम्पलेक्स से की इसके बाद इंडोर स्टेडियम तथा सेन्ट्रल पार्क में स्वच्छता निरीक्षण किया।

आरेडिका महाप्रबंधक ने इस अवसर पर कालोनीवासियों तथा कर्मचारियों से प्लस्टिक कचरा कम करने तथा वैकल्पिक सामग्री जैसे–कपड़ा या जूट से बने थैले के उपयोग पर जोर दिया साथ ही शॉपिंग कॉम्पलेक्स में दुकानदारों को एकल उपयोग प्लास्टिक के इस्तेमाल नही करने के लिए कहा।

यह विदित है कि स्वच्छता ही सेवा 2019 की थीम प्लास्टिक कचरा जागरुकता एवं प्रबंधन है। इसके अंतर्गत आरेडिका मे 30.09.2019 तक विभिन्न गतिविधि तथा प्रयोजन किये जायेंगे जिससे लोगों को एकल उपयोग प्लास्टिक से पर्यावरण को होने वाले नुकसानो के बारे में जागरुक किया जा सके ।

इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ आलोक कुमार, पीसीई राम बृक्ष यादव, अन्य विभागाध्यक्ष सहित वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अमित 17.09.19

मुख्य जन–संपर्क अधिकारी